# तू प्यार का सागर है प्रार्थना हिंदी लिरिक्स

तू प्यार का सागर है,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम,
लौटा जो दिया तुमने,
चले जायेंगे जहाँ से हम
तु प्यार का सागर है।bd।

---

घायल मन का पागल पंछी,
उड़ने को बेक़रार,
उड़ने को बेक़रार,
पंख हैं कोमल आँख है धुँधली,
जाना है सागर पार,
जाना है सागर पार,
अब तू ही इसे समझा,
राह भूले थे कहाँ से हम,
राह भूले थे कहाँ से हम,
तु प्यार का सागर है,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम।bd।

---

इधर झूमती गाये ज़िंदगी,
उधर है मौत खड़ी,
उधर है मौत खड़ी,
कोई क्या जाने कहाँ है सीमा,
उलझन आन पड़ी,
उलझन आन पड़ी,
कानों में ज़रा कह दे,
कि आये कौन दिशा से हम,
तु प्यार का सागर है,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम।bd।

---

तू प्यार का सागर है,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम,
तेरी इक बूँद के प्यासे हम,
लौटा जो दिया तुमने,
चले जायेंगे जहाँ से हम
तु प्यार का सागर है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com